सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 329 | इंदौर, मंगलवार 16 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भारत में टेलीग्राम पर अस्थायी रोक

● नीट री-एग्जाम से पहले केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, 22 जून तक पाबंदियां

**नईदिल्ली, (एजेंसी)** केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है। नीट 2026 की पुनर्परीक्षा के चलते सरकार ने यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET (UG) 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले केंद्र सरकार द्वारा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने निर्देश जारी कर भारत में टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून 2026 तक अस्थायी रोक लगाने को कहा है। यह कदम 21 जून को आयोजित होने वाली NEET (UG) 2026 पुनर्परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## अमेरिका का बी-52 बॉम्बर उड़ान भरने के तुरंत बाद हुआ क्रैश

हादसे में आठ लोगों की मौत



**एडवर्ड्स**। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित मोजावे रेगिस्तान में स्थित एक वायुसेना अड्डे पर बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस बमवर्षक विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विमान ने एयरबेस से उड़ान भरी थी, लेकिन टेकऑफ के तुरंत बाद वह दुर्घटना का शिकार हो गया। न्यूज एजेंसी एपी ने वायु सेना के हवाले से बताया कि कैलिफोर्निया के एक सैन्य अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए बी-52 बमवर्षक विमान में सवार आठ लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि विमान सुबह करीब 11:20 बजे एडवर्ड्स वायुसेना अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद आपातकालीन राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गए। लॉस एंजिलिस के उत्तर में स्थित एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस ने सोशल मीडिया पर कहा, “प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि इस दुर्घटना में जीवित बचना संभव नहीं था।”

# एमपी में स्थापित होगा साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर

●सीएम मोहन यादव ने की घोषणा, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह पर भी कसा तंज

**भोपाल**। सीएम मोहन यादव ने साइबर सुरक्षा को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश बदलते दौर में हर तरह की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। साइबर अपराधियों के खिलाफ एमपी पुलिस अच्छा काम कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर के समय भी नए दौर में नई तकनीक की चुनौतियां हमने देखी हैं। साथ ही सीएम ने मध्य प्रदेश साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापना की घोषणा की है।

### मनमोहन सिंह पर कसा तंज

सीएम मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समय रहते समाज और सरकारों को आने वाले खतरों के प्रति जागरूक करते हैं। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जीरो बैलेंस पर बैंक अकाउंट खोलने की शुरुआत की। उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री को इसकी जानकारी नहीं थी। जनधन खाते खुलने का परिणाम यह रहा कि देशभर में जरूरतमंदों को सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभ सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाने लगा। एक समय जब 1 रुपए में 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच रहे थे। डीबीटी की पारदर्शी व्यवस्था लागू होने से शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचने लगा।

### साइबर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम के अदृश्य राक्षसों के खिलाफ देवदूत तैयार कर सभी आवश्यक प्रबंधन करना वर्तमान दौर की जरूरत है। साइबर क्राइम और डेटा सेफ्टी के मामले में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। राज्य का डेटा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। डेटा ब्रीच की स्थिति में आर्थिक भरपाई की जिम्मेदारी भी सरकार की होगी। प्रदेश सरकार साइबर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



### साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर के स्थापना की घोषणा

सीएम यादव ने साइबर अपराध और डेटा सुरक्षा की दिशा में ठोक कदम उठाते हुए राज्य में साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महू स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से यह रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा। जो केंद्रीय साइबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

### डिजिटल सर्विसेज प्रदान करने में अग्रणी राज्य है एमपी

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेलवेंद्रन ने कहा कि मध्यप्रदेश नागरिकों को डिजिटल सर्विसेज प्रदान करने में अग्रणी राज्य है। राज्य शासन के कई विभागों को डिजिटल नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। साइबर क्राइम में देखा जाए तो बैंक रिलेटेड फ्रॉड में अधिकांश डेटा बिजली कंपनियों या नगरीय निकायों से पहुंचता है। इसे सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है, जो नागरिकों को डिजिटल डेटा की सुरक्षा प्रदान करेगा। कई बार सर्वर बंद होने से नागरिकों को असुविधा होती है। साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने एक संस्था का गठन कर अच्छा काम किया है।

**साइबर अटैक की समय पर पहचान और निगरानी में आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने में इसकी महती भूमिका होगी। यह प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि पूर्वानुमान आधारित निरंतर सतर्कता की दिशा में ठोस कदम साबित होगी।**

**-मोहन यादव, सीएम**

# खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर की मेस और कैंटीनों का होगा निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जल संवर्धन अभियान, पांडुलिपियों के संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी गतिविधियों तथा पीएनजी गैस कनेक्शन विस्तार अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा इनके निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति की जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए चल रहे अभियान को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्री बसों द्वारा केवल निर्धारित स्थानों से ही यात्रियों को बैठाया एवं उतारा जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग केवल निर्धारित स्थलों पर ही कराई जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने इंदौर के सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों में संचालित मेस एवं कैंटीनों का सघन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य गुणवत्ता या अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविर अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।

जबरदस्त बुलडोजर एक्शन!

# 100 से ज्यादा निर्माण जमींदोज

## निगम ने तोड़े मकान, रोते-सिसकते रहे लोग

● न मुआवजा दिया, न रहने को जगह





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड तक सड़क चौड़ी की जा रही है। इसके तहत सोमवार सुबह नगर निगम की रिमूवल टीम ने मकान-दुकान हटाने की कार्रवाई शुरू की है। अब तक100 से ज्यादा इमारतों को तोड़ा जा चुका है।**

निगम अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने कहा- 9 पोकलेन मशीन, 5 जेसीबी के साथ 100 से ज्यादा निगमकर्मी मौके पर मौजूद हैं। वहीं, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था, प्लॉट या फ्लैट का मुआवजा दिए बिना ही उनके 4-4 पीढ़ियों पुराने आशियानों को जमींदोज किया जा रहा है। इस कार्रवाई से सबसे ज्यादा प्रभावित वो बुजुर्ग, विधवा और निराश्रित लोग हैं, जिनका इस दुनिया में सिर छुपाने के लिए इस आशियाने के अलावा कोई दूसरा आसरा नहीं था। घर पर निगम के बुलडोजर चलते देख बुजुर्ग कृष्णा पाठक रो पड़ीं। उन्होंने सिसकियों के बीच कहा- चार पीढ़ी से हमारा परिवार इसी गुटकेश्वर मंदिर रोड पर रह रहा है। मेरा जन्म भी इसी मकान में हुआ था। अब उम्र 65 साल हो चुकी है। इस मकान में हमारे 5 परिवार एक साथ रहते थे। सब चले गए। मैं तो अकेली विधवा हूं, मेरा भी मकान तोड़ दिया। प्रशासन ने हमें कोई मुआवजा नहीं दिया। कृष्णा पाठक ने कहा- हमारे मकानों के सामने सरकारी जमीन खाली पड़ी है। प्रशासन ने उसे वैसे ही छोड़ दिया। हमारे आशियाने तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने नोटिस दिया था, लेकिन जब हमारे पास रहने का कोई दूसरा ठिकाना ही नहीं है, तो हम उस नोटिस का क्या करते? उन्होंने कहा- हम तो यहीं पैदा हुए थे और यहीं मरने की सोच रहे थे, लेकिन बीच में ही हमारा सब कुछ छीन लिया गया।



राजकुमारी मिश्रा (47 वर्ष) ने घर को बिखरते देख अपनी बेबसी बयान की। कहा- हम पति-पत्नी निराश्रित हैं। कोई बच्चा या सहारा देने वाला नहीं है। प्रशासन को नोटिस देने के साथ-साथ हमारे लिए दूसरी जगह का इंतजाम भी तो करना था। हमें कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा, रहने को कोई फ्लैट नहीं दिया। न ही कोई हमारी मदद कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि कितना फीट मकान तोड़ा गया, तो उन्होंने बताया कि करीब 15 फीट हिस्सा तोड़ा जा चुका है, सिर्फ 6 फुट का किचन ही बचा है। अधिकारी बोल रहे हैं कि इसे भी तोड़ो। अब आप ही बताओ, अगर यह किचन भी तोड़ देंगे तो हम कहां जाएंगे? क्या रोड पर बैठेंगे? क्या मोदी जी हमें अपने घर में रख लेंगे?

गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड के बीच बेघर हो रहे इन परिवारों का कहना है कि वे शहर के विकास और सड़क चौड़ीकरण के विरोधी नहीं हैं। लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह लोगों को बेघर करना कतई न्यायसंगत नहीं है। पीड़ितों ने रोते हुए प्रशासन से गुहार लगाई है कि बेघर परिवारों के लिए प्लॉट, फ्लैट या कोई अन्य पक्की जगह दी जाए। पक्षपातपूर्ण कार्रवाई बंद कर, वास्तविक सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाया जाए, न कि पीढ़ियों से रह रहे गरीबों के मकान तोड़े जाएं। कार्रवाई के दौरान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा- शहर में छोटी बड़ी जगह मिलाकर 500 जगह के काम अधूरे पड़े हैं। इस रोड पर ऐसा आतंक मचा दिया, जैसे इन लोगों ने कोई गुनाह किया हो। भाजपा के महापौर, मंत्री और विधायकों को रावण की तरह अहंकार आ गया है इसीलिए यह आतंक मचाया है। कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। हम उनकी न्याय की मांग उठाते रहेंगे।

## राज्यसभा का नामांकन निरस्त होने पर युवक कांग्रेस का प्रदर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सोमवार को राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने के विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि यह मामला लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। युवा कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर चुनाव आयोग और अन्य सरकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाएं दबाव में काम कर रही हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंच रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन का प्रयास भी किया गया, लेकिन पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर पुतला जलाने नहीं दिया। हालांकि कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनका कार्यक्रम शांतिपूर्ण प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने तक सीमित था। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## औदुम्बर ब्राह्मण समाज की पदयात्रा ने दिया सजग नागरिक, सशक्त समाज का संदेश

**इंदौर।** श्री औदुम्बर महासभा के युवा संघ अध्यक्ष श्री सुदर्शन दुबे ने बताया कि औदुम्बर ब्राह्मण समाज के सैकड़ों सदस्यों ने रविवार को शहर में पदयात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा श्री औदुम्बर महासभा भवन, राजबाड़ा से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः श्री औदुम्बर महासभा भवन पर समाप्त हुई। पदयात्रा के माध्यम से शहरवासियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ने एवं जोड़ने, नागरिकता बोध (सिविक सेंस) तथा सजग नागरिक एवं सशक्त समाज का संदेश दिया गया।



अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी एवं श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा, देवास के अध्यक्ष श्री अशोक चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा ने शहर में 5 किलोमीटर से अधिक का भ्रमण किया। पदयात्री अपने हाथों में सामाजिक एकता, समाज सुधार एवं नागरिक कर्तव्यों (सिविक सेंस) से संबंधित पैनल बोर्ड लिए हुए चल रहे थे। युवाओं के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। एक डीजे वाहन पर देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के साथ "औदुम्बर हैं हम औदुम्बर ब्राह्मण" गीत भी बजाया जा रहा था।श्रीमती अनुराधा दुबे ने बताया कि सामाजिक सरोकारों को लेकर निकाली गई इस पदयात्रा में अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासचिव उमेश द्विवेदी, इंदौर समाज के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, आशुतोष शर्मा, श्यामसुंदर चौधरी, सोनकच्छ के अध्यक्ष कृष्णकांत दुबे, अशोक दुबे, भौंरासा से ओम चौधरी सहित देवास शहर के प्रमुख समाजसेवी श्यामसुंदर शर्मा (एडवोकेट), सतीश दुबे, प्रकाश दुबे, राधेश्याम जोशी, डॉ. राजेंद्र दुबे, विजय उपाध्याय, डॉ. प्रदीप दुबे, डॉ. किशोर दुबे, श्याम पेशकार, दिलीप उपाध्याय, राजेश दुबे, तपन चौधरी, विष्णु पुराणिक, वीरेंद्र जोशी, रमाकांत चौधरी, श्रीमती शची कानूनगो, श्रीमती प्रीति दुबे, श्रीमती वर्षा दुबे, श्रीमती आज्ञा चौधरी, श्रीमती रत्ना कानूनगो आदि उपस्थित थे।

## ठेकेदार सड़क हादसे में मृत, बीमा कंपनी के कर्मचारी की भी मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में रहने वाले एक ठेकेदार की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह काम के सिलसिले में साइट देखने गए थे। लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, शक्करखेड़ी निवासी पप्पू केवट (45) को राहगीर दीपक गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन अंकित ने बताया कि पप्पू पेंटिंग ठेकेदारी का काम करते थे। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह निपानिया क्षेत्र में एक जगह देखने गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह काफी देर तक सड़क पर घायल पड़े रहे। परिजनों के मुताबिक पप्पू के तीन बच्चे हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। उनके माता-पिता गांव में रहते हैं। पप्पू अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, पलासिया इलाके में रहने वाले एक बीमा कंपनी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रामचंद्र (58) निवासी ओल्ड पलासिया को उनके परिचित रविवार रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि शाम को वह बाथरूम गए थे। बाहर आने के कुछ देर बाद उन्हें अचानक उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रामचंद्र एक निजी बीमा कंपनी में कार्यरत थे।

### 100 दिन में पैसा डबल करने झांसा दिया

# किटी पार्टी वाली महिला ने लगाया करोड़ों का चूना

**● किटी पार्टी से पहचान बनाई और होटलों में बड़े सेमिनार किए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस पूरे मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह महिला बड़े होटलों में अमीरों को बुलाती थी। इसके बाद इसकी टीम इन लोगों को पैसा डबल करने का लालच देती थी और फिर सब मिलकर लोगों से लाखों रुपए निवेश करवाते थे। अब निवेशकों की शिकायतों के बाद में महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि चंडीगढ़, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से जुड़े अन्य आरोपी फिलहाल फरार चल रहे हैं। पुलिस जांच में यह बात खुलकर सामने आई है कि इस गिरोह का नेटवर्क देश के कई राज्यों तक फैला हुआ था। ये लोग इंदौर की नामी होटलों में बकायदा सेमिनार और मीटिंग आयोजित करते थे और वहां लोगों को अपने झांसे में लेकर बड़ी रकम निवेश करवाते थे। डीसीपी राजेश त्रिपाठी द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस पूरे मामले में पुलिस ने हरप्रीत कौर उर्फ मोना निवासी विष्णुपुरी कॉलोनी, जसवंत सिंह उर्फ जस्सी निवासी चंडीगढ़, अनिरुद्ध दलवी निवासी बेंगलुरु, मुकेश तायडे और जोसेफ निवासी भोपाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इन सभी आरोपियों पर लोगों को महज 100 दिनों के भीतर रकम दोगुनी करने का बड़ा लालच देकर निवेश करवाने और बाद में उनका पैसा वापस नहीं करने का गंभीर आरोप लगा है। त्रिपाठी के अनुसार हरप्रीत कौर उर्फ मोना को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ चल रही है।



इस धोखाधड़ी को लेकर इंदौर क्राइम ब्रांच को जिया पति सतीश वाधवानी, गुरजीत, अभिषेक, जसरथ, अमरजीत, हन्नी, साहिल, रोहित, पंकज, हरप्रीत कौर, गुरमीत कौर सहित कई अन्य पीड़ितों ने मिलकर शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ितों ने विस्तार से बताया कि आरोपियों ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में भारी निवेश पर शुरुआत में हर महीने 2 प्रतिशत मुनाफा देने और केवल 100 दिन के अंदर पूरी रकम दोगुनी करने का बड़ा दावा किया था। आरोपियों के इस झांसे में आकर लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई लगा दी, लेकिन बाद में उन्हें न तो कोई मुनाफा मिला और न ही उनकी मूल राशि वापस की गई। मुख्य पीड़िता जिया वाधवानी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसकी पहचान आरोपी हरप्रीत कौर से एक किटी पार्टी के दौरान हुई थी। वहां हरप्रीत ने खुद को यूएस बेस्ड कंपनी से जुड़ा हुआ बताया और उसे निवेश के बड़े फायदे गिनाए। इसके बाद उसने जिया को भंवरकुआ स्थित होटल सोलारिस में ले जाकर जसवंत सिंह और अनिरुद्ध से मिलवाया, जहां इन लोगों ने पूरा निवेश प्लान समझाया। इस पर विश्वास बढ़ने के बाद आगे चलकर होटल रेडिसन में एक बहुत बड़ा सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें शहर के करीब 200 लोग शामिल हुए थे। उस सेमिनार में लोगों को महंगे गिफ्ट और भारी मुनाफे का लालच देकर निवेश करने के लिए राजी किया गया था। जब निवेशकों ने लगातार अपने पैसे वापस मांगने के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो आरोपियों ने अपने असली तेवर दिखाए और साफ कह दिया कि कंपनी पूरी तरह डूब चुकी है और अब किसी को भी कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसके बाद सभी आरोपियों ने अपने फोन बंद कर दिए और संपर्क पूरी तरह काट लिया। थक-हारकर सभी पीड़ितों ने इंदौर क्राइम ब्रांच में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस मुख्य आरोपी हरप्रीत कौर को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। क्राइम ब्रांच अब इन आरोपियों के बैंक खातों, लेन-देन के रिकॉर्ड और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य मददगारों की भी गहराई से जांच कर रही है।

### सोनम बोली-

# नेपाल नहीं भागी हूं, बताई अपनी लोकेशन

**अभी इंदौर जाने का कोई विचार नहीं**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी ने ईस्ट मोजो चैनल से बातचीत में कहा कि वह नेपाल नहीं भागी है। मेरे बारे में झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। जनता से यही कहना चाहती हूं कि किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। मेरे नेपाल भागने की खबरें पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं।

सोनम रघुवंशी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाया था कि सशर्त जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद सोनम देश छोड़कर नेपाल भाग गई है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की थी। सोनम रघुवंशी बोली मुझे न्यायालय से जो भी जमानत की शर्तें मिली हैं, मैंने हमेशा उनका पूरी तरह पालन किया है और मैं उस दायरे को कभी नहीं तोड़ूंगी। वर्तमान में शिलॉन्ग में ही रह रही हूं। शिलॉन्ग से बाहर बिल्कुल नहीं गई हूं। रही बात खर्चों की, तो उसके बारे में मैं कुछ नहीं बताना चाहती। वह मेरा निजी मामला है। सुरक्षा कारणों की वजह से शिलॉन्ग के भीतर अपने सटीक रहने के स्थान को सार्वजनिक नहीं कर सकती। मेरा अभी इंदौर जाने का कोई विचार नहीं है, क्योंकि मेरा मामला अभी यहीं चल रहा है। जब तक यह पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, मैं कहीं नहीं जाऊंगी। अभी मामले की सुनवाई चल रही है। लोग मेरे बारे में पूरी तरह झूठ बोल रहे हैं। मेरा मामला अभी न्यायालय में सुनवाई के चरण में है, इसलिए मैं इस विषय पर अभी और कुछ नहीं बोलना चाहूंगी। मैंने हमेशा कोर्ट की हर कार्यवाही में पूरा सहयोग किया है। आगे भी करती रहूंगी। मुझे जो भी शर्तें दी गई थीं, उनका सम्मान करते हुए पालन कर रही हूं। मेरे मन में अपने न्याय तंत्र के लिए हमेशा से बहुत सम्मान रहा है और आगे भी रहेगा।

### मोबाइल लूटने वाली गैंग पकड़ाई

# 5 आरोपियों से 33 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआं थाना पुलिस ने सोमवार को मेरठ की एक शातिर गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 33 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, वारदात में इस्तेमाल की जा रही कार और अन्य सामान बरामद किया गया है। जब्त माल की कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है।**

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले तीन इमली क्षेत्र में हुई एक वारदात के बाद एक मोबाइल की ट्रेसिंग की जा रही थी। साइबर सेल से मिले इनपुट के आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस ने कुलदीप पाल (33), नाजिम कुरैशी (25), महफूज उर्फ फजलू



(40), शोएब कुरैशी (27) और मोहम्मद शकील (33) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक इनके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र के नासिक और धुले के अलावा गुजरात के वडोदरा, वापी, सूरत, दाहोद समेत कई शहरों में मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। इंदौर के राजेंद्र नगर और अन्य थाना क्षेत्रों में भी वारदात करना स्वीकार किया है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी एक बड़े कारोबारी को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। योजना के तहत कारोबारी की गाड़ी को एक्सीडेंट का बहाना बनाकर रुकवाना था। इसके बाद चालक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर रुपयों से भरा बैग लूटना था। वारदात के बाद सभी आरोपी अलग-अलग दिशाओं में भागकर बायपास के एक तय स्थान पर मिलने वाले थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। आशंका है कि गैंग ने इंदौर समेत कई शहरों में और भी वारदातें की हैं। पुलिस इनके आपराधिक रिकॉर्ड और नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

### संजय सिंह बोले-

# भाजपा का विकल्प बनने की क्षमता सिर्फ आप में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने और उसके विकल्प के रूप में उभरने की क्षमता केवल आम आदमी पार्टी में है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती है, जबकि आम आदमी पार्टी जनता के मूलभूत मुद्दों जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार और महंगाई पर काम करती है।**



संजय सिंह सोमवार को इंदौर के आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पदग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता के हितों की बजाय बड़े उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। साथ ही विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर भी केंद्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, शहीद भगत सिंह और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सम्मेलन को आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश सह प्रभारी और दिल्ली के पूर्व विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी, जय भगवान उपकार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर जोन प्रभारी कमल गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव सहित प्रदेश और विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का पदग्रहण भी कराया गया। अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मेलन से पूर्व विजय नगर क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की ओर से एक विशाल रैली भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संजीव वैद्य ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला संगठन मंत्री मोहम्मद अशफाक ने किया।

### प्रदेश में एग्री सौर पीवी के विकास में जर्मन कम्पनी जीआईजेड करेगी सहयोग

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में एग्रो सौर पीवी के लिए हुआ एमओयू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश में एग्रो सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की मंशा पर एक और उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा जर्मन सरकार समर्थित इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना (आईजीसीए) के मध्य सोमवार को मंत्रालय, भोपाल में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया।**



एग्री वोल्टाइक, कृषि एवं सौर ऊर्जा के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया एक संगठन है। इसका उद्देश्य कृषि भूमि पर खेती के साथ-साथ उसी खेत में ही सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करना है, जिससे अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता कम हो, खाद्य सुरक्षा बनी रहे तथा भूमि संबंधी विवादों से भी बचा जा सके। इस काम में जर्मन कम्पनी सरकार को सहयोग देगी। यह पहल पीएम-कुसुम 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं के अनुरूप राज्य में विशिष्ट एग्रीवोल्टाइक ढांचा विकसित करने, किसानों की आय बढ़ाने, भूमि उपयोग दक्षता सुधारने, उत्पादित ऊर्जा की सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा जलवायु-अनुकूल ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगी। यह गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन मई 2030 तक प्रभावी रहेगा। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड अमनवीर सिंह बैंस, भारत में जर्मन दूतावास के पदाधिकारी, एग्री वोल्टाइक संगठन से एलेक्जेंडर, जर्मनी की जीआईजेड कम्पनी के पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

एग्री सौर पीवी के तहत सरकार किसानों को सब्सिडी देगी। इससे किसान अपनी जमीन के मालिकाना हकदार होंगे। किसान जमीन में खेती करेंगे और उसी खेत में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा उत्पादन कर अतिरिक्त आय भी अर्जित करेंगे। यह किसानों के लिए डबल सौगात होगी। सरकार और इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना के मध्य हुई इस परस्पर साझेदारी के अंतर्गत कम्पनी द्वारा एग्रीवोल्टाइक परियोजनाओं की पहचान, तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन, डिजाइन, वित्तीय व्यवहार्यता और क्रियान्वयन में सहयोग किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, ऊर्जा विकासकर्ताओं, डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनीज (डिस्कॉम) एवं अन्य संबंधित हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कम्पनी द्वारा राज्य में कृषि उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को संरक्षित रखते हुए उपयुक्त नीतिगत एवं नियामक ढांचा विकसित करने में भी सहयोग किया जाएगा।

### हॉस्टल के किचन में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

# दाल बनाते समय बम की तरह फटा प्रेशर कुकर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी।** नगर के लक्ष्मी नगर क्षेत्र में स्थित पोस्ट मैट्रिक हॉस्टल से एक बेहद डराने वाली घटना सामने आई है। यहाँ छात्रों के लिए रात का खाना बनाते समय गैस चूल्हे पर रखा प्रेशर कुकर तेज धमाके के साथ फट गया। हादसा इतना भीषण था कि कुकर का ढक्कन हवा में उड़कर सीधे महिला रसोइया (कुक) की छाती पर लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं कुकर के गर्म मलबे और पानी से उनके हाथ भी झुलस गए हैं। यह पूरी घटना हॉस्टल के किचन में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में देखा जा सकता है कि हॉस्टल की महिला कर्मचारी



रामकन्या बाई गैस चूल्हे पर छात्रों के लिए खाना बना रही थीं। उन्होंने एक गैस बर्नर पर कड़ाही रखी और जैसे ही दूसरे बर्नर पर रखे कुकर को हाथ लगाया, तभी अचानक एक जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाके के तुरंत बाद दर्द से कराहती रामकन्या बाई ने सूझबूझ दिखाई और पास में रखा पानी अपने शरीर पर डाला। कुकर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि हॉस्टल में अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुनते ही बाहर मौजूद छात्र दौड़कर किचन में पहुंचे और तुरंत गैस बंद की। हादसे के समय हॉस्टल में करीब 12 छात्र मौजूद थे, जो बाहर अपनी डाइट ले रहे थे। घायल महिला रामकन्या बाई ने बताया कि वह रोज की तरह छात्रों के लिए दाल-चावल और रोटी बना रही थीं, इसी दौरान दाल पकाते समय कुकर फट गया। हॉस्टल के छात्र अभिषेक डाबी ने बताया, 'दीदी रोज हमारे लिए खाना बनाने आती हैं। हम लोग बाहर बैठे थे, तभी अचानक अंदर से बहुत तेज धमाके की आवाज आई। जब हम दौड़कर अंदर पहुंचे, तो कुकर का ढक्कन दूर पड़ा था और धमाके के असर से गैस चूल्हा भी टूट चुका था। दीदी दर्द से तड़प रही थीं।'

## 3 बार पलटी बोलेरो, 5 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** जिले में सोमवार शाम तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे 3 बार पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में पति-पत्नी और 8 साल बच्चा भी शामिल है। हादसा मटकुली-पिपरिया मार्ग पर हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान नर्मदापुरम के बंजारा ढ्रीम निवासी प्रदीप धुर्वे (48), पत्नी ज्योति धुर्वे, बेटा अक्षत धुर्वे (8), समनापुर निवासी पंचम ठाकुर (55) और झिरपा करेर निवासी कुलदीप ठाकुर (40) शामिल हैं। तामिया से होशंगाबाद जा रहे थे। वहीं घायलों में समनापुर निवासी आकाश धुर्वे (25) और शरद उइके (21) शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।




**एक निवेदन**

यदि आप साहस और निर्भीकता से खोजी पत्रकार के रूप में कार्य करना चाहते है और अपने आसपास के भ्रष्टाचार/अपराध/अव्यवस्थाओ को उजागर करना चाहते है ।

**तो आइए आप हमारे वेबपोर्टल और यूट्यूब चैनल के साथ क्राइम रिपोर्टर के रूप में कार्य करे।**

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे ।

www.detectivegroupreport.com

या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे

detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख /न्यूज़ और सूचना का सदैव स्वागत है )


## दवाओं का संकट.. कैंसर मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दो महत्वपूर्ण कीमोथेरेपी दवाएं सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन इन दिनों भोपाल समेत देश के कई हिस्सों में मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। पिछले दो से तीन सप्ताह से इन दवाओं की भारी कमी बनी हुई है, जिससे कैंसर मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है।



ये दोनों दवाएं फेफड़ों, मुंह, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल), ओवरी, टेस्टिकुलर और सिर-गर्दन के कैंसर समेत कई प्रकार के कैंसर के इलाज में फर्स्ट लाइन थेरेपी के रूप में उपयोग की जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दवाओं की कमी का सीधा असर मरीजों के इलाज पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्लैटिनम की उपलब्धता में कमी, अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन में बाधाएं और पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

## तीन संतान : बर्खास्त सब-रजिस्ट्रार को राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** दो से अधिक संतान होने के आधार पर बर्खास्त किए गए सब-रजिस्ट्रार की सेवा समाप्ति पर राज्य शासन ने रोक लगा दी है। यह फैसला बर्खास्त सब-रजिस्ट्रार अशोक सिंह परिहार द्वारा शासन के समक्ष दायर की गई अपील के बाद लिया गया। इस मामले में परिहार ने उपमुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा से मिलकर भी अपना पक्ष रखा था। वाणिज्यिक कर विभाग ने सिंगरौली में पदस्थ उप-पंजीयक अशोक सिंह परिहार को राहत देते हुए उनकी सेवा समाप्ति के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह निर्णय उनके अपील आवेदन पर सुनवाई के बाद लिया गया। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा 11 जून 2026 को जारी आदेश में दो से अधिक संतान होने के आधार पर अशोक सिंह परिहार की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। इसके विरोध में परिहार ने 15 जून 2026 को राज्य शासन के समक्ष अपील दायर की। अपील में परिहार ने कहा कि उनके तीसरे बच्चे का जन्म 19 नवंबर 2003 को हुआ था। ऐसे में लगभग 23 वर्ष बाद संशोधित प्रावधानों के आधार पर उनकी सेवा समाप्त करना उचित नहीं है। उन्होंने सेवा समाप्ति आदेश को चुनौती देते हुए राहत की मांग की थी।

## संपादकीय

### नेपाल को चीन की नसीहत: 'दूर के रिश्तेदार' से बेहतर 'करीबी पड़ोसी'

'दूर के रिश्तेदार से अच्छा एक करीबी पड़ोसी होता है।' यह कहावत तो आपने सुनी होगी लेकिन इस बार चीन के विदेश मंत्री वांय यी ने इसका इस्तेमाल नेपाल को संदेश देने के लिए किया है। सोमवार को नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के साथ मुलाकात के दौरान वांग ने यह बात कही। खनाल चार की आधिकारिक चीन यात्रा पर हैं, जहां सोमवार को दोनों नेताओं ने आपसी चिंता के कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान चीन ने नेपाल में पश्चिमी प्रभाव, खासकर अमेरिकी मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (MCC) और स्टेट पार्टरनशिप प्रोग्राम को लेकर चिंता जताई। काठमांडू रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने कहा कि अमेरिकी पहल बाहर से देखने में अच्छी लगती है, लेकिन इसका मकसद बुरा है। ये चीन के लिए केवल परेशानी पैदा करती है। इस दौरान वांग ने कह कि दूर के रिश्तेदार उतने अच्छे नहीं होते, जितने करीबी पड़ोसी। इस बैठक में खनाल ने भारत के साथ सीमा विवाद का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने वांग से कहा कि लिपुलेख का मुद्दा नेपाल और भारत के बीच चर्चा का विषय है लेकिन भारत और चीन के बीच बार-बार हुए समझौतों ने इस विवाद को जटिल बना दिया है। हालांकि, इस पर उन्हें चीन से कोई आश्वासन नहीं मिला। भारत और चीन ने इसी साल लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर सहमति जताई है, जिसे लेकर नेपाल ने आपत्ति दर्ज की थी। नेपाल ने इसे अपना क्षेत्र बताते हुए नई दिल्ली और बीजिंग को राजनयिक नोट भेजे थे। बीजिंग की एक बड़ी चिंता इस बात को लेकर भी थी कि पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार के मामले में एक चीनी कंपनी का नाम आ रहा है। इस एयरपोर्ट की चीन की फंडिंग से तैयार किया है। खनाल ने जवाब में कहा कि इस मामले में नेपाल के एक सक्षम अधिकारी ने अदालत में मामला दर्ज कराया है और इसका सरकार से कोई लेना देना नहीं है। बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले एक नेपाली अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट को बताया कि बीजिंग की चिंता मुख्य रूप से पोखरा एयरपोर्ट में एक चीनी कंपनी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले, चीनी कर्ज से बने एयरपोर्ट में कथित भ्रष्टाचार और नेपाल में चीन के खिलाफ संभावित अमेरिकी कदमों को लेकर थी।

Health is Wealth

# नाश्ते से ले कर डिनर तक, कितने बजे खा लेना चाहिए खाना? आयुर्वेद से जानें सही नियम!

अच्छी सेहत का सबसे पहला नियम है अच्छा खानपान। आजकल लोग इसपर तो ध्यान दे देते हैं कि वो क्या खा रहे हैं, लेकिन कब खा रहे हैं इसका कोई ख्याल नहीं। आयुर्वेद की मानें तो सुबह के नाश्ते से ले कर रात के डिनर का एक सही समय होता है। दरअसल शरीर की पाचन शक्ति यानी अग्नि दिनभर एक जैसी नहीं रहती। इसलिए अगर भोजन इसे ध्यान में रखकर किया जाए, तो बेहतर तरीके से पचता भी है और उसके गुण भी शरीर में बेहतर तरीके से एब्जॉर्ब होते हैं। आजकल तो खाने की गलत टाइमिंग की वजह से लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां भी कॉमन होती जा रही हैं। ऐसे में जानना जरूरी है कि एक परफेक्ट मील टाइमिंग क्या हो सकती है। तो आइए विस्तार में जानते हैं आयुर्वेद का इसपर क्या कहना है।



### ● सुबह का नाश्ता कब करना चाहिए ?

सुबह का नाश्ता दिनभर की सबसे जरूरी मील माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार आपको उठने के दो घंटे के भीतर ही अपना नाश्ता कर लेना चाहिए। आमतौर पर 7 से 8 बजे के बीच की टाइमिंग एकदम परफेक्ट मानी जाती है। उठने के बहुत देर बाद या 11 बजे के बाद ब्रेकफास्ट अवॉइड ही करना चाहिए क्योंकि इसका कोई खास मतलब नहीं रह जाता।

### ● दोपहर का खाना खाने का सही समय क्या है ?

दोपहर के खाने को ले कर आयुर्वेद का सिंपल सा ये नियम याद रखें कि आपके सुबह के नाश्ते और लंच में लगभग चार घंटे का अंतर जरूर होना चाहिए। दोपहर साढ़े 12 से ले कर 2 बजे का समय इसके लिए सबसे उपयुक्त माना गया है। इस दौरान शरीर की पाचन शक्ति प्रबल होती है, इसीलिए पौष्टिक और भर पेट भोजन करने की सलाह दी जाती है। हालांकि कोशिश करें कि 3 बजे से लेट लंच ना किया जाए।

### ● रात का खाना कब तक खा लेना चाहिए ?

आयुर्वेद के अनुसार रात का भोजन जितना जल्दी हो सके कर लेना चाहिए। सूर्यास्त से पहले का समय उपयुक्त माना जाता है, लेकिन आजकल के लाइफस्टाइल में कई बार ये पॉसिबल नहीं हो पाता। ऐसे में आप कोशिश करें कि शाम 6 से 8 बजे के बीच अपना डिनर खत्म कर लें। रात 10 बजे के बाद खाना अवॉइड ही करना बेहतर है। आयुर्वेदिक नियम कहता है कि रात का खाना सोने से लगभग 3 घंटे पहले खा लेना चाहिए। ये अच्छी तरह पचता है और नींद में भी कोई समस्या नहीं होती।

### ● बार-बार खाने की आदत सही नहीं

आयुर्वेद में बार-बार खाना खाने की आदत को सही नहीं माना जाता है। नियम कहता है कि अगला भोजन तभी करना चाहिए जब पिछला भोजन अच्छी तरह पच गया हो। इसलिए खाने की बीच का गैप और टाइमिंग काफी मायने रखती है। इससे आपके डाइजेशन पर ज्यादा लोड नहीं पड़ता और भूख भी स्वाभाविक रूप से लगती है।

**साइलेंट हार्ट अटैक से पहले शरीर देता है 5 संकेत, कार्डियोलॉजिस्ट बोले-**

# आखिरी लक्षण को लोग समझ लेते हैं स्किन प्रॉब्लम

हार्ट अटैक अब केवल अधिक उम्र के लोगों तक सीमित नहीं माना जाता और कम उम्र में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, कई लोग शुरुआती लक्षणों पर ध्यान नहीं देते। सीने में दर्द, भारीपन जैसे लक्षण हार्ट अटैक से पहले बिल्कुल आम हैं लेकिन शरीर कुछ ऐसे भी संकेत देता है, जो देखने में बिल्कुल हल्के लगते हैं। मान लीजिए आपकी स्किन पर कुछ धब्बे, पिंपल्स दिख रहे हैं, तो आप इन्हें स्किन प्रॉब्लम समझकर इग्नोर कर देंगे। कार्डियोलॉजिस्ट का कहना है कि कई लक्षणों को लोग ऐसे ही नजरअंदाज कर देते हैं और फिर अचानक हार्ट अटैक आ जाता है। एरिजोना बेस्ड कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर जैक वॉल्फसन ने अपने इंस्टाग्राम वीडियो में बताया कि साइलेंट हार्ट अटैक आने से पहले शरीर कुछ मामूली संकेत भी देता है, जिसे लोगों को हल्के में नहीं लेना चाहिए।



हार्ट अटैक

### क्यों आता है साइलेंट हार्ट अटैक

जब ब्लड वेसेल्स में कोलेस्ट्रॉल या फिर फैट जमा होने लगता है, तब ब्लड सर्कुलेशन पर सीधा असर पड़ता है। अगर कोई शुगर या हाई बीपी का मरीज है, तो उसकी ब्लड वेसेल्स कमजोर हो जाती हैं और उन्हें हार्ट अटैक आने का खतरा ज्यादा रहता है। कुछ डॉक्टर हार्ट अटैक का कारण आजकल ही लाइफस्टाइल को भी मानते हैं। उनका कहना है कि स्ट्रेस, नींद कम होना, जंक फूड या ऑयली खाना दिल को धीरे-धीरे कमजोर करता है। जब दिल कमजोर होगा, तो मांसपेशियों पर खिंचाव पड़ेगा और फिर जोखिम बढ़ जाता है।

### क्या हैं 5 लक्षण

डॉक्टर वॉल्फसन का कहना है कि आपने हार्ट अटैक आने से पहले सीने में दर्द, भारीपन जैसी कई लक्षणों के बारे में सुना होगा लेकिन कुछ हल्के लक्षण भी होते हैं, जो शरीर काफी पहले दिखाने लगता है। चलिए इनके बारे में आपको बताते हैं।

#### 1- नींद आने में समस्या

बीच में नींद खुल गई, टूटी-फूटी नींद, रातभर जगना जैसी चीजें दिल पर बढ़ते तनाव की ओर संकेत देते हैं। अगर आपको नींद से जुड़ी कोई समस्या है, तो ये आपकी हार्ट हेल्थ से जुड़ी हो सकती है। इसे जल्द से जल्द किसी डॉक्टर को दिखाएं।

#### 2- सिरदर्द पर भी दें ध्यान

डॉक्टर जैक का कहना है कि सिरदर्द लगातार हो रहा है, तो इसे नजरअंदाज करना बंद करें। साथ ही हमेशा सिरदर्द का कारण तनाव या नींद की कमी को न समझें। सिरदर्द कई बार ब्लड वेसेल्स में समस्या या फिर शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड के लेवल को कम होने का संकेत देती हैं। ये दोनों ही चीजें दिल पर बढ़ते प्रेशर का संकेत देते हैं, जो सही नहीं होता।

#### 3- पेट वाली दिक्कतें

कब्ज, उल्टी, पेट में गैस, पेट दर्द भी हार्ट हेल्थ से जुड़ा हुआ हो सकता है। सीधे तौर पर कहा जाए तो दिल और पेट जुड़ा हुआ होता है और ऐसे में पेट की समस्याएं अगर लंबे समय तक चल रही हैं, तो उन्हें अनदेखा न करें।

#### 4- शरीर में कुछ दर्द

शरीर में दर्द जैसे दांत, कंधे में दर्द, शोल्डर ब्लेड्स में अजीब सा तनाव जैसे लक्षण कई बार हार्ट अटैक आने से पहले वाले संकेत होते हैं। ये उन लोगों को हो सकता है, जिन्हें सीने में दर्द नहीं होता। शरीर में कही भी दर्द है, जो लगातार बना हुआ है तो उसे सूजन का कारण समझा जाता है। सूजन होने हार्ट अटैक या फिर स्ट्रोक का खतरा पैदा करते हैं।

#### 5- स्किन में बदलाव

अगर आपकी स्किन अचानक सूखी, पपड़ीदार या फिर खुजली वाली हो रही है, साथ ही रैशेज, एक्जिमा के लक्षण भी हैं। तो ये सामान्य नहीं हो सकता। ये सभी शरीर में सूजन होने का संकेत देते हैं। डॉक्टर के मुताबिक, शरीर के अंदर होने वाली जलन, जो सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के कारण होती है, वह हार्ट अटैक के बढ़े हुए जोखिम से जुड़ी मानी जाती है।

New Delhi

# प्रशांत महासागर में सक्रिय हुआ अल नीनो, मानसून की बारिश पर लगेगा ब्रेक! IMD ने जारी किया टेंशन वाला अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रशांत महासागर में अल नीनो सक्रिय हो गया है। इस बीच मॉनसून की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। मॉनसून आगे तो बढ़ रहा है, लेकिन इसकी चाल धीमी है। जून के पंद्रह दिन बीत जाने के बावजूद बारिश में 25 प्रतिशत की कमी है। आने वाले एक हफ्ते में यह कमी और अधिक बढ़ने की संभावना है।**



आईएमडी के अनुसार सोमवार को मॉनसून कई दिनों बाद कुछ आगे बढ़ा है। इसने तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार के कुछ हिस्सों को कवर किया। वहीं मुंबई के लोगों को मॉनसून के लिए अभी इंतजार करना होगा। मुंबई में मॉनसून सामान्य तौर पर 11 जून को पहुंचता है। इस बीच सैटेलाइट इमेज की तस्वीरों से पता चल रहा है कि देश के बढ़े हिस्से में मॉनसून की स्थिति काफी कमजोर हैं। मॉनसून का सीजन एक जून से शुरू हो जाता है। इन दो हफ्तो में देश भर में 28 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

इस समय आसमान की ऊपरी सतह पर बहने वाली 'वेस्टरली जेट स्ट्रीम' (पश्चिमी हवाओं का प्रवाह) अपनी सामान्य जगह से बहुत ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक आई है। इस बार शक्तिशाली पश्चिमी हवाओं का ऊपरी दबाव बादलों को बनने और टिकने ही नहीं दे रहा है। राहत की एकमात्र बात यह है कि मौसम के पूर्वानुमान मॉडल संकेत दे रहे कि यह संकट स्थाई नहीं है।

Uttarpradesh

राम मंदिर चढ़ावा चोरी

## बंद कमरे में चंपत राय से एसआईटी ने घंटों ली जानकारी, आज से पूछताछ का दौर



**अयोध्या, (एजेंसी)** श्रीराम मंदिर में चढ़ावा की चोरी के मामले की जांच के लिए बनी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से घंटों पूरे मामले की जानकारी ली और कई दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। सोमवार को दोपहर से देर रात तक टीम अंदर ही रही। आज यानी मंगलवार से पूछताछ का दौर शुरू होगा। एसआईटी के लिए कैंप कार्यालय मंदिर परिसर में तय हो जाने के बाद ठहरने की व्यवस्था उसमें होने की संभावना है।

शनिवार को योगी सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। इसमें कमिश्नर लखनऊ विजय विश्वास पंत के साथ आईजी किरण एस और विशेष सचिव वित्त नीलरतन कुमार को रखा गया है। एसआईटी ने सोमवार दोपहर से अपनी जांच शुरू की थी। टीम सीधे राम मंदिर गई और सबसे पहले पीएफसी में जाकर गणनास्थल का निरीक्षण कर निगरानी की व्यवस्था का ब्योरा लिया। श्रीराम मंदिर पहुंची एसआईटी के अधिकारियों ने पूरी वस्तुस्थिति समझने के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपतराय से अकेले में कई घंटे बंद कमरे में बातचीत कर जानकारी जुटाई। इसके पहले पूरे तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया। अफसरों ने साक्ष्य जुटाने के लिए कई अभिलेखों की जांच कर कब्जे में ले लिया।

Uttarpradesh

## प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर से सनसनी, एक ही परिवार के 3 लोगों की बेरहमी से हत्या

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में सोमवार रात हुए ट्रिपल मर्डर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. अज्ञात हमलावरों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की सिर पर वार करके बेरहमी से हत्या कर दी. घटना की जानकारी मंगलवार सुबह होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए. मृतकों की पहचान श्यामलाल उर्फ कल्लू, उनकी पत्नी मंजू देवी व कल्लू की भाभी के रूप में हुई है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीनों की हत्या सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर की गई है. घटना के समय घर में क्या परिस्थितियां थीं और हमलावर कितने थे, इसका अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है. सूचना मिलते ही मेजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया. फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

Uttarpradesh

## आगरा में तीन घंटे तांडव : तोड़फोड़ और पथराव, 11 पुलिसकर्मी घायल, युवक की मौत पर फूटा गुस्सा

**आगरा, (एजेंसी)** आगरा के फतेहाबाद में फिरोजाबाद मार्ग पर पूठपुरा गांव के पास सोमवार को थार कार की टक्कर से बाइक सवार मनीष (22) की मौत होने पर जमकर बवाल हुआ। कार ने कई और वाहनों को भी चपेट में लिया था। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। कार में तोड़फोड़ की। पहुंचे मत्स्य मंत्री के समझाने पर भी नहीं माने। मंत्री के जाते ही जैसे पुलिस ने उन्हें हटाना चाहा लोगों ने पथराव कर दिया। बिना तैयारी के पहुंचे पुलिसकर्मी इधर-उधर भागे। पथराव में एक इंस्पेक्टर, पांच दरोगा सहित 11 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कई थानों की फोर्स ने आकर मोर्चा संभाला। चार संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं।



फतेहाबाद में फिरोजाबाद मार्ग पर थार की टक्कर से युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने 3 घंटे तक बवाल किया। पुलिस ने शव को एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने का प्रयास किया। मगर ग्रामीण भड़क गए और एंबुलेंस से शव को बाहर निकालने के बाद सड़क पर रख दिया। पुलिस से काफी देर तक तीखी नोंकझोक होती रही। आरोप लगाया कि पुलिस ने थार गाड़ी के चालक को भगा दिया है। गाड़ी को भी नहीं पकड़ा गया है। इस पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गाड़ी 500 मीटर दूर पेट्रोल पंप पर खड़ी कर दी गई है। उसे सीज किया जाएगा।

खेल

# 265 रन भी नहीं दिला सके जीत

### सुपर ओवर में भारत-ए को मिली हार श्रीलंका-ए जीत के साथ शीर्ष पर

**दांबुला, (एजेंसी) भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले का फैसला सुपर ओवर में हुआ, जहां मेजबान श्रीलंका-ए ने भारत-ए को छह रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। निर्धारित 50 ओवर में दोनों टीमों ने 265-265 रन बनाए, जिसके बाद मैच सुपर ओवर तक पहुंचा।**



#### भारत-ए ने बनाए 265 रन

टॉस जीतकर श्रीलंका-ए ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 13 गेंदों पर 11 रन बनाकर मोहम्मद शिराज का शिकार बने। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने 14 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए, लेकिन साहन अराचिगे ने उन्हें पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। गायकवाड़ 42 गेंदों पर 37 रन बनाकर आउट हुए, जबकि तिलक वर्मा 32 गेंदों में 23 रन ही बना सके। मध्यक्रम में आयुष बदोनी (15) और निशांत सिंधु (6) भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। अनुकूल रॉय ने 8 रन का योगदान दिया। हालांकि, निचले क्रम में विप्रज निगम और सूर्यांश शेडगे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत-ए की वापसी कराई। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 104 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सूर्यांश शेडगे ने 66 गेंदों पर 72 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं, विप्रज निगम ने 49 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 51 रन बनाए। इन पारियों के दम पर भारत-ए की टीम 49.2 ओवर में 265 रन पर सिमट गई। श्रीलंका-ए की ओर से मोहम्मद शिराज और विजयकांत ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि साहन अराचिगे, कुगथास और वानुजा सहान को एक-एक सफलता मिली।

#### श्रीलंका-ए ने भी बनाए 265 रन

266 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका-ए ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की और निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 265 रन बनाकर मुकाबला बराबरी पर समाप्त किया। भारतीय गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में लगातार विकेट लेकर मैच पर पकड़ बनाने की कोशिश की, लेकिन श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने अंत तक हार नहीं मानी और स्कोर बराबर कर दिया।

सिनेमा

## 'नकली बाल लगाते हैं गोविंदा', सुनीता ने कैमरे पर उड़ाया मजाक, हुई ट्रोल, बोलीं- कैसी शर्म



90 के दशक के सुपरस्टार गोविंदा की वाइफ सुनीता आहूजा के सितारे बुलंदियों पर हैं. वो बैक टू बैक टीवी शोज में अपना हुनर दिखा रही हैं. इन दिनों उन्हें शिल्पा शेट्टी के शो 'मां है ना' में देखा जा रहा है. शिल्पा के शो से उनकी बेटी टीना ने टीनी डेब्यू किया है. शो में सुनीता कुकिंग के साथ कॉमेडी का तड़का लगाती दिख रही हैं. कॉमेडी की आड़ में कई बार सुनीता को पति गोविंदा का मजाक बनाते हुए देखा गया. एक बार फिर वो गोविंदा के नकली बालों पर बात करती दिखीं. इसमें कोई दोराय नहीं है कि सुनीता दिन-ब-दिन आगे बढ़ रही हैं. लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि वो आगे बढ़ने के लिए पति के नाम का इस्तेमाल कर रही हैं. Mashable को दिए इंटरव्यू में वो सुपरस्टार पति के हेयर पैच का मजाक बनाती नजर आईं. सुनीता ने कहा कि जब वो गोविंदा से पहली बार मिली थीं, तो वो बहुत हैंडसम थे. सुनीता ने हंसते हुए कहा कि गोविंदा आज भी हैंडसम हैं. पर उस वक्त उनके बाल ओरिजनल थे और अब वो हेयर पैच लगाते हैं. वो हंसते हुए कहती हैं कि ओपनली हेयर पैच के बारे में बात करना गलत नहीं है. उन्होंने कहा कि लोगों को हेयर पैच के बारे में बात करने में हिचकना नहीं चाहिए.

## Highlights

1. They're our daughters, will raise them to be strong & brave: Gurugram couple after IVF mix-up
2. BJP holds 4-hour meet at Rajnath Singh's house amid reshuffle buzz
3. Passenger pretends to sleep during ticket check, video viral
4. Rahul Gandhi has not grown up, he is still a massive joke: DMK
5. Rebel TMC MLAs won't merge with Nationalist Citizens Party of India unlike rebel MPs: Ritabrata
6. All 20 Indian sailors of MT Jalveer return home days after US attack in Gulf of Oman
7. Will go ahead with protest at Jantar Mantar over statehood: J&K CM

# India releases new wholesale price inflation index; tweaks fuel, food categories




**NEW DELHI, (Agency).** India released a new Wholesale Price Index (WPI) on Monday that shifted the base year from 2011-12 to 2022-23. It was accompanied by a release of Producer Price Indices (PPI) that will eventually replace WPI, in keeping with international standards.

India's wholesale prices increased by 6.60% between February 2026, the last month before the war in West Asia began, and May 2026, the latest period for which inflation data is available. Half of this inflation came from the fuel and power category, which underlines the war's inflationary shock on the Indian economy. On a year-on-year basis, Wholesale Price Index (WPI) growth has increased sharply from 2.18% in February to 3.98%, 8.26% and 9.68% in March, April and May 2026.

While the WPI numbers were released on the same day as the announcement of a US-Iran deal, analysts do not see price pressures easing soon, even though they may have peaked. This is because normalisation of traffic from the Strait of Hormuz would take time and pent-up demand might exert pressure on the oil market.

The ministry of commerce and industry released the first data print for the new series of WPI on Monday. The revised series has 2022-23 as the base and promises better coverage of prices by tracking 957 individual items instead of 697 by its predecessor. It also tweaked category-wise classification by moving commodities such as crude petroleum and natural gas from their previous classification as primary articles to the fuel and power category.

The fuel category also includes energy from renewable sources. To be sure, manufactured goods continue to be the mainstay of the current WPI basket like the previous series.

May 2026 was the seventh consecutive month of rising inflation in the new series which has monthly data from April 2023 onwards. Monthly inflation readings for March, April and May 2026 have been the highest ever readings in the new WPI series. Bulk of the inflationary surge is on account of fuel price inflation. The numbers show it clearly. Inflation for primary products increased from 1.64% to 4.99% between February and May. This number was 3.61% and 7.48% respectively for manufactured goods but a contraction of 3.37% and a surge of 30.33% for the fuel and power category.

The WPI food index, which combines food articles and manufactured food products, increased 4.49% from a year earlier, compared with 3.11% in April. Within the fuel group, mineral oils inflation in May was 49.82%, while crude petroleum and natural gas rose 61.51% from a year earlier.

An even bigger change than the revision of the WPI series was the roll-out of three Producer Price Indices (PPI): output PPI, input PPI and services PPI. Output PPI measures prices received by producers for their output, excluding net taxes and trade and transport margins. In May, the output PPI for all commodities rose to 109.6 from 108.6 in April. Meanwhile, trial input PPI, currently limited to manufacturing, tracks prices paid by industries for inputs. This index stood unchanged at 104.9 in May from April but higher than 100.9 in March. The services PPI will be released quarterly.

# खाद्य विभाग का अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## लोकायुक्त ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को ट्रैप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य विभाग के एक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के लिए रिश्वत लेते एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा और उनके सहयोगी रामू लोहिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।**

लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रमोद दुबे, देवास जिले के ग्राम घीसलाय स्थित पटेल एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के सह-संचालक हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी कि खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा ने कमर्शियल गैस सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचने का मामला बनाने की धमकी देकर उनसे ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार बातचीत के बाद



सौदा डेढ़ लाख रुपए में तय हुआ और आरोपी पहले ही 1 लाख रुपए ले चुका था। शेष राशि के लिए लगातार दबाव बना रहा था। इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में की गई। सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। आरोपी राहुल शर्मा के कहने पर रामू लोहिया शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। सोमवार दोपहर को लोकायुक्त टीम टीआई आशुतोष मिठास के साथ कलेक्टर परिसर के गेट नंबर-2 के सामने स्थित चाय की गुमठी पर सक्रिय हो गई। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने रामू लोहिया को रिश्वत की राशि लेकर राहुल शर्मा तक पहुंचने के लिए भेजा। संपर्क होने पर राहुल शर्मा मौके पर पहुंचे, लेकिन कार्यालय परिसर में रिश्वत की रकम लेने से बचते हुए लिफाफा बाद में लेने की बात कह दी। इसके बावजूद लोकायुक्त ने पूरे घटनाक्रम को साक्ष्य के रूप में दर्ज कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम-2018 की धारा 7 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 61(2) के तहत कार्रवाई जारी है। लोकायुक्त संगठन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी शिकायत तत्काल लोकायुक्त कार्यालय इंदौर या फोन नं. 0731-2533160, 0731-2430100 पर की जाएं।

# ड्यूटी कर रहे जवान को धक्का देकर गिराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एयरपोर्ट रोड पर ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी से विवाद करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिसकर्मी विश्वनाथ योगी की शिकायत पर रविवार को करण बाबा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि करण ने ड्यूटी के दौरान विश्वनाथ योगी के साथ अभद्रता की और उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। विश्वनाथ योगी ने पुलिस को बताया कि उनकी ड्यूटी एयरपोर्ट रोड स्थित टी-पॉइंट पर लगी थी। वह वहां ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे और एयरपोर्ट से बिजासन माता मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों को रोक रहे थे। इसी दौरान रात करीब 10 बजे एक्टिवा से करण बाबा वहां पहुंचा और रास्ते से निकलने की जिद करने लगा। योगी ने उसे बताया कि फिलहाल रास्ता बंद है, लेकिन इस पर करण भड़क गया और अभद्रता करने लगा। आरोप है कि उसने विश्वनाथ योगी के साथ झूमाझटकी की और धक्का मारकर उन्हें गिरा दिया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी करण एयरपोर्ट क्षेत्र में टैक्सी वाहन चलाने का काम करता है। उसकी तलाश में पुलिस दो बार उसके ठिकाने पर दबिश दे चुकी है, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका है।

# इंस्टाग्राम से पानी की बोतल ऑर्डर करने के बाद ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना क्षेत्र में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेलिंग का शिकार हो गई। ठगों ने पहले ऑर्डर कैंसिल कर रिफंड दिलाने का झांसा दिया, फिर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठे। बाद में छात्रा के खाते से करीब 2.99 लाख रुपए भी निकाल लिए गए। पुलिस के मुताबिक, छात्रा वरीदा की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वरीदा की बहन अलीना ने 11 मई को इंस्टाग्राम पेज "सॉफ क्यूक इंडिया" से पानी की दो बोतलें ऑर्डर की थीं और ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया था। ऑर्डर के कुछ समय बाद एक व्यक्ति का फोन आया। उसने बताया कि ऑर्डर कैंसिल हो गया है और पैसे वापस करने के लिए एक लिंक भेजी। ठग ने कहा कि छोटी राशि सीधे वापस नहीं हो सकती, इसलिए लिंक के जरिए प्रक्रिया पूरी करनी होगी। 20 मई को छात्रा को एक और कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसके पास छात्रा की अश्लील तस्वीरें हैं और वह उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इसके बदले उसने 30 हजार रुपए की मांग की। डर के कारण छात्रा ने बताए गए यूपीआई खाते में राशि ट्रांसफर कर दी। 9 जून को छात्रा कॉलेज फीस जमा करने पहुंची, तब उसे पता चला कि उसके बैंक खाते में पैसे नहीं हैं। बैंक से जानकारी लेने पर सामने आया कि खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 2 लाख 99 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक